समाचार

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत दुकानों, प्रतिष्ठानों, घरों में सोलर पैनल लगवाने आगे आएं व्यवसायीबंधु – आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने जिला चेम्बर आफ कामर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर पी. एम.सूर्यघर योजना का लाभ लेने सहित शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं में उनकी महती सहभागिता का किया आव्हान )




कोरबा 19 जनवरी 2026 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर के व्यवसायीबंधुओं व चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों, सदस्यों का आव्हान करते हुए कहा कि वे केन्द्र सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों व घरों में सोलर पैनल लगवाएं तथा इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त करते हुए बिजली बिल के भार से मुक्ति पाए। उन्होने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था, व्यवसायिक काम्पलेक्सों में अग्नि दुर्घटना व चोरी आदि की घटनाओं से बचने आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं, ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाएं सुधारने सहयोग दें तथा मल्टीलेवल पार्किंग से कोरबा पुराने शहर के व्यवसायिक क्षेत्र तक इलेक्ट्रिक व बैटरीचालित आटो की फ्री सुविधा आमजन को उपलब्ध कराने हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में जिला चेम्बर आफ कामर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, चेम्बर अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.पी.तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश राठौर, मुकेश गोयल, आदि उपस्थित थे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान केन्द्र सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की चर्चा करते हुए योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी चेम्बर प्रतिनिधियों को दी तथा नगर के व्यवसायीबंधुओं व चेम्बर प्रतिनिधियों का आव्हान करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं घरों में सोलर पैनल लगवाने हेतु आगे आयें। उन्होने बताया कि योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाए जाने पर केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा सब्सिडी प्रदान करने का प्रावधान रखा गया है, 01 किलोवाट क्षमता पर 45 हजार रूपये, 02 किलोवाट पर 90 हजार रूपये तथा 03 किलोवाट व अधिक क्षमता पर 01 लाख 08 हजार रूपये तक की सब्सिडी दी जा रही है, उन्होने बताया कि ये स्थापित सोलर पैनल बिद्युत वितरण कम्पनी के ग्रिड से कनेक्ट रहेंगे, निश्चित समय पर उत्पन्न बिजली यूनिट व घरों में खपत बिजली यूनिट का कैलकुलेशन होगा तथा खपत के बाद शेष बची अतिरिक्त बिजली यूनिट की कीमत भी आपको प्राप्त होगी।

**बैटरी चलित वाहन की फ्री सुविधा हेतु सहयोग दें** — आयुक्त श्री पाण्डेय ने चेम्बर पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि सुनालिया पुल के पास मल्टीलेवल पार्किंग का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है, जल्द ही पार्किंग शुरू होने जा रही है, उन्होने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग में आमजन अपनी गाडियों की पार्किंग करेंगे, उन्हें पार्किंग से दुकानों तक आने जाने के लिए फ्री आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है, व्यवसायीबंधु आपसी सहयोग से कम से कम 10 से 15 बैटरी चलित आटो वाहन उपलब्ध कराने में अपनी सहभागिता दें, निगम द्वारा इन वाहनों को चलाने हेतु महिला ड्राईवर की व्यवस्था की जाएगी, यह आटो वाहन मल्टीलेवल पार्किंग व कोरबा पुराने शहर पावर हाउस रोड में लगातार मूव करेंगे तथा मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन पार्क करने वाले आमनागरिकों को आवागमन की मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

**दुकान के सामने, रोड कवर करते लगवाएं सी.सी. कैमरा** — बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि चोरी  व अन्य संबंधित अपराधों से जुड़ी घटनाओं से बचने हेतु सी.सी. कैमरों की उपयोगिता किसी से छिपी नहीं है, हर स्थल पर सी.सी.कैमरा का होना आवश्यक है तथा इस व्यवस्था में व्यवसायीबंधुओं का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होने उनका आव्हान करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों के सामने सड़क को कवर करते हुए सी.सी. टी.व्ही.कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु आगे आयें ताकि चोरी व अन्य अपराधों की घटनाओं से बचा जा सके।

**व्यवसायिक काम्पलेक्सों में होगा फायर आडिट** — बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि दुकानों, प्रतिष्ठानों व व्यवसायिक काम्पलेक्सों में आगजनी आदि की घटनाएं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, व्यवसायीबंधुओं से आग्रह है कि वे अपने दुकानों, प्रतिष्ठानों व काम्पलेक्सों में अग्निशामक व्यवस्था हेतु सजग हों, ताकि आगजनी जैसी घटनाएं रोकी जा सके। उन्होने कहा कि प्रशासन द्वारा टीम गठित कर व्यवसायिक काम्पलेक्सों में फायर आडिट कराया जाएगा, अग्निशामक व्यवस्था में लापरवाही पर कार्यवाही भी संभव है, अतः किसी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु अग्निशामक की समुचित व्यवस्था हेतु आवश्यक कदम उठाएं।

**टी.पी.नगर स्थित पार्किंग हो, अवैध कब्जे से मुक्त** — बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने टी.पी.नगर क्षेत्र की पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि टी.पी.नगर क्षेत्र में पूर्व से ही तीन पार्किंग निर्मित है किन्तु इन पार्किंग क्षेत्रों में वाहनों के कबाड खड़े कर अवैध कब्जे कर लिए गए हैं, उक्त पार्किंगों को  अवैध कब्जों से मुक्त करना अत्यंत आवश्यक है ताकि टी.पी.नगर क्षेत्र की पार्किंग व यातायात व्यवस्था पटरी पर लायी जा सके। उन्होने चेम्बर पदाधिकारियों से कहा कि सभी व्यवसायीबंधु इसमें सहयोग करें तथा जिन लोगों द्वारा इन पार्किंगों  में वाहनों के कबाड डम्प कर दिए गए हैं, वे शीघ्र इन कबाड वाहनों को हटाएं।

**शहर के मध्य में हो फायर ब्रिग्रेड स्टेशन** – बैठक के दौरान चेम्बर अध्यक्ष श्री योगेश जैन व अन्य पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं को बनाने में अपना हरसंभव सहयोग दिए जाने की बात कहते हुए कहा कि कोरबा शहर के बीचों बीच या टी.पी.नगर क्षेत्र में फायर ब्रिग्रेड स्टेशन की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि शहर के किसी भी भाग में आगजनी जैसी घटनाएं घटित होने पर अपेक्षित समय में फायर ब्रिग्रेड वाहन पहुंच सके तथा आगजनी की घटनाओं से होने वाली भारी हानि से बचा जा सके। उन्होने कहा कि शहर के बीचों बीच फायर ब्रिग्रेड स्टेशन न होने से घटना के समय फायर ब्रिग्रेड वाहनों को घटना स्थल पर पहुंचने में समय लग जाता है, जिससे समय पर आग पर काबू पाना संभव नहीं हो पाता।